व्याख्या—(i) मरू राष्ट्रीय उद्यान - जैसलमेर (राज्य का सबसे बड़ा उद्यान), (ii) केवलादेव - भरतपुर, (iii) वन्यजीव विहार - जयसंमद, (iv) टाइगर रिजर्व - सरिस्का में हैं।

619. निम्न में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित है?

(a) सरिस्का वन्य जीव अभ्यारण्य	अलवर
(b) केवलादेव उद्यान	जैससमेर
(c) मरू राष्ट्रीय उद्यान	भरतपुर
(d) टाइगर रिजर्व	जयसमन्द

उत्तर - (a)

RPSC RAS/RTS 1999-2000

व्याख्या—सरस्किा वन्य जीव विहार अलवर में स्थित है, जबकि केवलादेव उद्यान भरतपुर में, मरु राष्ट्रीय उद्यान जैसलमेर में तथा जयसमंद अभयारण्य उदयपुर में स्थित हैं। अतः विकल्प (a) सही है।

620. निम्न वनस्पतियों में से कौन-सी राजस्थान में प्राप्त नहीं है?

(a) उष्ण कटिबन्धीय शुष्क
(b) उष्ण कटिबन्धीय कंटीली
(c) उष्ण कटिबन्धीय मरुस्थलीय
(d) उष्ण कटिबन्धीय तर-पतझड़

उत्तर - (d)

RPSC RAS/RTS 1999-2000

व्याख्या—राजस्थान एक शुष्क भू-भाग है जहां मरुस्थलीय प्रकार के कंटीली वनस्पतियाँ पायी जाती हैं। अरावली श्रेणी के मानसूनी हवाओं के समानान्तर अवस्थित होने के कारण अवरोध उत्पन्न नहीं हो पाता है जिस कारण वर्षा नहीं हो पाती है। यही कारण है कि यहाँ उष्णकटिबन्धीय तर-पतझड़ी वन प्राप्त नहीं है। इस प्रकार की वनस्पतियां भारतीय प्रायद्वीप के पूर्वी भागों में पायी जाती हैं। राजस्थान में प्राकृतिक वनस्पतियाँ तीन प्रकार की मिलती हैं जो निम्न हैं - शुष्क सागवन वन प्रदेश, उष्ण कटिबन्धीय शुष्क पतझड़ वन प्रदेश तथा मिश्रित वन प्रदेश।

621. भारत के जीवमण्डल रिजर्व में हाल ही में एक और जुड़ा है। निम्न सूची में से वह नवीनतम कौन-सा है?

(a) नोकरेक (b) देहांग देबांग
(c) सिमलीपाल (d) कोल्ड डेजर्ट

उत्तर : (d)

RPSC RAS/RTS 2009

व्याख्या – भारतीय जीवमण्डल आरक्षित क्षेत्रों में 2009 में कोल्ड डेजर्ट को शामिल किया गया था। जबकि नॉकरेक को 1988 में, सिमलीपाल को 1994 में तथा देहांग-देबांग को 1998 में जैवमण्डल आरक्षित क्षेत्र के रूप में शामिल किया गया।

622. सरिस्का एवं रणथम्भौर निम्न में से किन जानवरों के लिए संरक्षित हैं?

(a) सिंह (b) हिरण (c) बाघ (d) भालू

उत्तर : (c)

RPSC RAS/RTS 2009

व्याख्या – सरिस्का व रणथम्भौर जो क्रमशः अलवर और सवाई माधोपुर जनपद में स्थित राजस्थान में प्रमुख जीव अभयारण्य हैं। यहां पर मुख्यतः बाघ, तेंदुआ, जंगली बिल्ली, चीतल, जंगली सुअर आदि पाये जाते हैं। सरिस्का और रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान प्रोजेक्ट टाइगर में सम्मिलित है।

623.सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट के आधार पर सही उत्तर का चयन कीजिए –

सूची-I (राष्ट्रीय उद्यान/अभयारण्य)	**सूची-II (जिला)**
(A) राष्ट्रीय मरु उद्यान	1. उदयपुर
(B) तालछापर	2. भरतपुर
(C) फूलवाड़ी-की-नाल	3. जैसलमेर
(D) बन्ध बारेठा	4. चूरू

कूट :

	(A)	**(B)**	**(C)**	**(D)**
(a)	3	4	1	2
(b)	2	3	1	4
(c)	3	2	4	1
(d)	4	3	2	1

उत्तर – **(a)**

RPSC RAS/RTS 2012

व्याख्या- बंध बारेठा राष्ट्रीय उद्यान की स्थापना 1985 ई. में हुई थी। इसके प्रमुख वन्य प्राणी प्रवासी पक्षी व जरख है। यह राष्ट्रीय उद्यान भरतपुर जिले में स्थित है। तालछापार राष्ट्रीय उद्यान की स्थापना 1971 ई. में हुई। यह चुरु जिले में स्थित है। इसके प्रमुख वन्य प्राणी काला हिरन, प्रवासी पक्षी व राजहंस हैं। राष्ट्रीय मरु उद्यान बाड़मेर एवं जैसलमेर जिले में स्थित है। इसकी स्थापना 1980 में हुई थी। इसके प्रमुख वन्य प्राणी मरुपिल्ली, गोडावन है। फूलवाड़ी की नाल राष्ट्रीय उद्यान उदयपुर जिले में स्थित है। इसकी स्थापना 1983 ई. में हुई थी। इसके प्रमुख वन्य प्राणी बघेरा, वनबिलाव व बरख हैं।

624.निम्नांकित राजस्थान के मानचित्र में वन्यजीव अभ्यारण्यों की स्थिति (i), (ii), (iii) और (iv) से प्रदर्शित की गई है। मानचित्र के नीचे दिये गये क्रम से इन्हें पहचानिये तथा उत्तर दीजिये।



(a) बन्धबारेठा, नाहरगढ़, सीतामाता, फूलवाड़ी की नाल
(b) सीतामाता, फूलवाड़ी की नाल, बन्धबारेठा, नाहरगढ़
(c) नाहरगढ़, बन्धबारेठा, फूलवाड़ी की नाल, सीतामाता
(d) नाहरगढ़, सीतामाता, बन्धबरेठा, फूलवाड़ी की नाल

उत्तर- (c)

RPSC RAS/RTS 2013

व्याख्या- सही सुमेलित है –
नाहरगढ़ (जयपुर) – सियार, नील गाय, बघेरा
बंध बारेठा (भरतपुर) – प्रवासी पक्षी, जरख
फूलवाड़ी की नाल (उदयपुर) – उदयपुर, बघेरा, बन बिलाव, जरख
सीता माता (चित्तौड़गढ़/उदयपुर) – चीतल, रीछ, उल्लू